# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :शिविरा / मा. / माध्यमिक / अ–2 / केमाशिबो / 2013–14 दिनांक : 05-07-2013

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ,
शिक्षा केंन्द्र–2 सामुदायिक केन्द्र
प्रीत विहार, दिल्ली–1100092

विषय :– केंन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से सम्बद्धंता प्राप्ति हेतु अनापाति प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

राज्य सरकार के पत्रांक प.14(8) शिक्षा–1 / 2009 पार्ट–II जयपुर दिनांक 05.07.2013 की पालना में निम्नाकित विधालयों को उनके नाम के सम्मुख सत्र एवं माध्यम के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से संम्बद्धता प्राप्ति हेतु अनापति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। विद्यालय / संस्था द्वारा राजस्थान गैरसरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम, 1989 एवं नियम 1993 तथा समय समय पर विभाग द्वारा जारी निर्देशों की पालना की जावेगी तथा राज्य / राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रमों मे भागीदारी नहीं निभाने पर विभाग द्वारा राजस्थान गैर सरकारी संस्था अधिनियम 1989 एवं नियम 1993 के तहत विद्यालयों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए विद्यालय को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र रद्द किया जा सकता है व परिणामस्वरूप उक्त संस्था राज्य में विधालय का संचालन नहीं कर सकेगीं :–

| क्र.स. | विद्यालय का नाम | संम्बद्धता | सत्र | माध्यम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सेन्ट एन्सलम्स स्कूल, तेजा का वास फुलेरा, जयपुर | CBSE | 2013–14 | अंग्रेजी |
| 2 | शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल, तारानगर (चूरू) | CBSE | 2013–14 | अंग्रेजी |
| 3 | पल्लवन उप्रावि, मुण्डेरी, झालावाड़ | CBSE | 2013–14 | अंग्रेजी |
| 4 | एन0बी0एफ0 पब्लिक स्कूल, गणेश नगर, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर | CBSE | 2013–14 | अंग्रेजी |

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

1. निजी सचिव, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. विशिष्ठ सहायक माननीय शिक्षा मंत्री,राजस्थान सरकार जयपुर।
3. निजि सचिव, शासन सचिव, स्कुल एवं संस्कृत शिक्षा, सचिवालय जयपुर।
4. उपशासन सचिव–प्रथम शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान, बीकानेर।
6. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
7. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–प्रथम / द्वितीय), जयपुर / चूरू / झालावाड़
8. संबंधित विद्यालय ..............................................

MSG Hi-Tech Gurukul Girls School
Taranagar (Churu)
Udise No.-08040114403
Aff No 1730711

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

विद्यालय - Shah Satnam ji girls school (P27836)

मान्यता कोड : RJCHU34498

आवेदन क्रमांक : 46090

## कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक CHURU , राजस्थान

क्रमांकः DEO/HQ/SEC/CHURU/EDU.CELL/MANYTA/2024 दिनांक E-Signature as

सचिव

प्रबंध समिति

Shah Satnam ji girls school

**विषय - राजस्थान गैरसरकारी शैक्षिक संस्था (मान्यता, सहायता अनुदान और सेवा शर्ते आदि) नियम, 1993 के नियम 5 के अधीन विद्यालय के लिए मान्यता क्रमोन्नति एवं अन्य हेतु प्रमाणपत्र।**

आपके आवेदन पत्र क्रमांक 46090 और इस सम्बन्ध में संस्था/ विद्यालय के साथ किये गए पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार/ निरीक्षण के सन्दर्भ में, Shah Satnam ji girls school पता Near Delhi Bikaner Bypass, Ward No.9 ग्राम पंचायत/ शहरी स्थानीय निकाय NAGAR PALIKA Taranagar ब्लॉक TARANAGAR आसा पासा (पूर्व -पश्चिम,उत्तर दक्षिण ) RASTA,RASTA खसरा न. 1672/1677, 1139/558 को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर से अनुमोदनोपरान्त निम्नलिखित शर्तों के अधीन निम्नानुसार मान्यता मंजूर करता हूँ :-

| | |
|---|---|
| **नाम परिवर्तन के लिए विवरण** | |
| पूर्व मान्यता के अनुसार विद्यालय का नाम | Shah Satnam ji girls school |
| स्वीकृत नवीन नाम | MSG HI TECH GURUKUL GIRLS SCHOOL TARANAGAR |
| **क्रमोन्नति, नाम परिवर्तन** | |
| पूर्व मान्यता के अनुसार विद्यालय की श्रेणी | Pr. with Up.Pr. with sec. Only (1-10 ) |
| विद्यालय की स्वीकृत क्रमोन्नति कक्षा स्तर | Pr. with Up.Pr. sec. with Higher Sec (1-12 ) |
| विद्यालय मान्यता वर्ष से कक्षा 11 के साथ कक्षा 12 संचालित करना चाहता है | Yes |
| मान्यता का माध्यम | English |
| **स्वीकृत संकाय एवं विषय का विवरण** | |
| विज्ञान संकाय | Physics (Science Stream), Chemistry (Science Stream), Biology (Science Stream), Mathematics (Science Stream) |
| वाणिज्य संकाय | Commerce (Accountancy), Commerce (Business Studies), Economics (Commerce Stream), Mathemetics (Commerce Stream), Computer Science |
| कला संकाय | Economics (Arts Stream), Political Science, History, Geography, Mathematics (Arts Stream), English Literature, Hindi Literature, Music (Gorge or Instrument), Physical Education, Public Administration, Computer Science |
| कृषि संकाय | |

MSG Hi-Tech Gurukul Girls School
Taranagar (Churu)
Udise No.-08040114403
Aff.No.1730711

Signature valid
Digitally signed by Govind Singh Rathore
Designation : District Education Officer
Date: 2024.08.28 1?:59:56 IST
Reason: Approved

...यालय - Shah Satnam ji girls school (P27836)

मान्यता कोड : RJCHU34498

आवेदन क्रमांक : 46090

1. विद्यालय के नवीन मान्यता / क्रमोन्नति के आवेदनों के सम्बन्ध में भूमि रूपान्तरण सम्बन्धी कार्यवाही विद्यालय द्वारा स्वयं के स्तर पर की जावेगी। शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भूमि रूपान्तरण का अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में संस्था संचालक की जिम्मेवारी होगी कि जिस क्षेत्र में विद्यालय स्थित है, वहां स्थानीय प्राधिकारी एजेन्सी (ग्राम पंचायत, नगरपालिका, नगरनिगम, नगर परिषद्, विकास प्राधिकरण, तहसीलदार कार्यालय, उपखण्ड कार्यालय, जिला कलक्टर कार्यालय आदि) से स्वयं नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर ही विद्यालय का संचालन करें।
2. विद्यालय, राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम, 1989 एवं राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था (मान्यता, सहायता अनुदान और सेवा शर्तें आदि) नियम, 1993 के उपबन्धों का पालन करेगा।
3. विद्यालय कक्षा1 से 8 तक की शिक्षा के सम्बन्ध में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 तथा राजस्थान निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम, 2011 के उपबन्धों का पालन करेगा।
4. राज्य सरकार/विभाग द्वारा समयसमय पर प्रसारित नियमों/आदेशों/निर्देशों का अनिवार्यत पालन करना होगा तथा वांछित सूचनाऐं/अभिलेख अविलम्ब उपलब्ध करवाने होंगे।
5. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर अथवा विभागीय निरीक्षण के समय विद्यालय के लिए निर्धारित मापदण्ड (भौतिक एवं वित्तीय) मय किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर मान्यता समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी।
6. विद्यालय द्वारा भविष्य में कभी भी राज्य सरकार से अनुदान की मांग नहीं की जाएगी।
7. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के मान्यता सम्बन्धित विनियमों की पालना करनी होगी एवं मान्यता प्रप्ति के बाद विद्यालय को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर से सम्बद्धता हेतु बोर्ड द्वारा निर्धारित अवधि में आवेदन करना होगा।
8. विद्यालय का नाम/भवन/वर्ग/माध्यम परिवर्तन इत्यादि विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से स्वीकृति प्राप्त कर ही किए जाऐंगे।
9. विद्यालय को दी जा रही मान्यता के अनुसार उसी सत्र में कक्षाऐं प्रारम्भ करनी होंगी, मान्यता के अनुसार उस सत्र में कक्षाऐं संचालित नहीं होने पर मान्यता स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।
10. माध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर की क्रमोन्नति होने पर मान्यता के वर्ष में ही कक्षा 9 के साथ कक्षा 10/कक्षा11 के साथ कक्षा 12 उसी स्थिति में चलाई जा सकती है, जब इसकी स्वीकृति मान्यता प्रमाणपत्र में दी गई हो।
11. गैर सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत किसी भी विद्यार्थी का शारीरिक एवं मानसिक उत्पीडन नहीं किया जावेगा। ऐसा आरोप प्रमाणित होने पर सम्बन्धित गैर सरकारी विद्यालय के विरूद्ध मान्यता/क्रमोन्नति वापिस लिए जाने की कार्यवाही की जावेगी।
12. Emblems and Name (Prevention of improper use) Act 1950 के तहत विद्यालय के नाम में इंटरनेशनल, इण्डियन, नेशनल, राष्ट्रीय प्रतीक एवं ध्वज, सेना/सैनिक इत्यादि शब्दो का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, अतः विद्यालयों नाम में इनका प्रयोग नहीं किया जावे, यदि विद्यालय के नाम में उक्त का अंकन है तो संस्था/विद्यालय को नाम परिवर्तन हेतु आगामी सत्र में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

MSG Hi-Tech Gurukul Girls School
Taranagar (Churu)
Udise No.-08040114403
Aff.No.1730711

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय माध्यमिक

प्रतिलिपि निम्रांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
3. वरिष्ठ शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप-5) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. स्थानीय प्राधिकारी एजेन्सी (ग्राम पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, नगर परिषद्, विकास प्राधिकरण, विकास न्यास, तहसीलदार कार्यालय, उपखण्ड कार्यालय, जिला कलक्टर कार्यालय, हाउसिंग बोर्ड, आदि) को प्रतिलिपि प्रेषित कर निवेदन है कि संस्था / विद्यालय भूमि के भूरूपान्तरण के सम्बन्ध में प्रचलित विभागीय शर्तो का स्वयं के स्तर पर परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करें।
5. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय माध्यमिक

Signature valid
Digitally signed by Govind Singh Rathore
Designation : District Education Officer
Date: 2024.08.28 1?:59:56 IST
Reason: Approved